राजस्थान नर्सिंग कौंसिल, जयपुर
बी–39, सरदार पटेल मार्ग, सी–स्कीम,
जयपुर–302001, राजस्थान

Rajasthan Nursing Council, Jaipur
B-39, Sardar Patel Marg, C-Scheme,
Jaipur – 302001, Rajasthan

राजस्थान सरकार
Government of Rajasthan

(अति–आवश्यक)

क्रमांक : आरएनसी / शैक्ष0 / 2024 / 51 दिनांक: 08-02-2024

प्रधानाचार्य,
समस्त राजकीय एवं निजी नर्सिंग स्कूल,
(राजस्थान नर्सिंग कौंसिल से सम्बद्ध)
राजस्थान

विषयः– जी.एन.एम. पाठ्यक्रम की प्रैक्टिकल लॉग बुक के संबंध में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राजस्थान नर्सिंग कौसिल की जी.बी. बैठक दिनांक 05.07.2022 की एजेन्डा संख्या 17 में लिए गये निर्णय की अनुपालना में जी.एन.एम. पाठ्यक्रम की प्रैक्टिकल लॉग बुक में एकरूपता लाने के लिए कौसिल द्वारा लॉग बुक तैयार करवायी गयी है। शैक्षणिक सत्र 2023–24 से जी.एन.एम. पाठ्यक्रम में अनिवार्य रूप से उक्त लॉग बुक प्रयुक्त की जानी है।

उक्त के संबंध में सभी जी.एन.एम. पाठ्यक्रम संचालित नर्सिंग संस्थानों को निर्देशित किया जाता है कि उक्त लॉग बुक छात्रों को उपलब्ध करवाने हेतु निर्धारित छात्र संख्या के अनुसार निर्धारित शुल्क (95 रूपये प्रति लॉग बुक) पर कौंसिल कार्यालय से प्राप्त करना सुनिश्चित करें। जी.एन.एम. प्रथम वर्ष सत्र 2023–24 से उक्त लॉग बुक अनिवार्य रूप से लागू की जानी है। इसके अभाव में छात्रों की परीक्षा पर होने वाले विपरीत प्रभाव की जिम्मेदारी संस्था की स्वंय की होगी।

(डॉ. रविप्रकाश माथुर)
निदेशक (जन. स्वा.) एवं
पदेन अध्यक्ष राजस्थान नर्सिंग कौंसिल
जयपुर

क्रमांकः–आर.एन.सी. / शैक्ष0 / 2024 / 51 दिनांक 08-02-2024
प्रतिलिपी :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. लेखा शाखा, आरएनसी।
2. प्रभारी परीक्षा अनुभाग को प्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि उक्त लॉग बुक संस्थानों को वितरण किया जाना सुनिश्चित करें।
3. रक्षित पत्रावली।

रजिस्ट्रार
राजस्थान नर्सिंग कौंसिल
जयपुर